भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110001
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110001

फा.सं.रा.भा.3(3)/2020-हिन्दी   दिनांक: 06 जुलाई, 2020

परिपत्र

विषय: परिषद के अधीनस्थ संस्थानों द्वारा प्रकाशित हिन्दी पत्रिकाओं को "गणेश शंकर विद्यार्थी हिन्दी पत्रिका पुरस्कार" (2018-19) प्रदान करने के संबंध में।

परिषद ने अपने अधीनस्थ क, ख, एवं ग क्षेत्र में स्थित संस्थानों द्वारा हिन्दी में प्रकाशित की जाने वाली गृह पत्रिकाओं को स्तरीय तथा प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2004-2005 से "गणेश शंकर विद्यार्थी हिन्दी पत्रिका पुरस्कार" योजना शुरू की है। वर्ष 2018-19 के दौरान प्रकाशित पत्रिकाओं के लिए प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन करने के पश्चात सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निम्नलिखित पत्रिकाओं को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत प्रथम, द्वितीय और तृतीय को शील्ड/ट्रॉफी प्रदान की जाएंगी। पुरस्कार के लिए चुनी गई पत्रिकाओं का विवरण निम्न प्रकार है :

क्र. सं.	चयनित पत्रिका का नाम	संस्थान का नाम ('क' एवं 'ख' क्षेत्र के संस्थानों के लिए)	पुरस्कार
1.	मरू बागवाणी	केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर	प्रथम
2.	दुग्ध गंगा	राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल	द्वितीय
3.	प्रसंस्करण प्रगति	केन्द्रीय कटाई उपरांत अभि. एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, लुधियाना	तृतीय
		संस्थान का नाम ('ग' क्षेत्र के संस्थानों के लिए)	
1.	नीलीतिमा	केन्द्रीय मीठा जलजीव पालन अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर	प्रथम
2.	धान	राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक	द्वितीय
3.	बागवानी	भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरू	तृतीय

उपर्युक्त संस्थानों को यह पुरस्कार भाकृअप के स्थापना दिवस समारोह में प्रदान किए जाएंगे जिसके बारे में अलग से सूचना दी जाएगी।

सीमा चोपड़ा 06.7.20
(सीमा चोपड़ा)
निदेशक (रा. भा.)

वितरण :

1. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/केंद्रों के निदेशक (वैबसाइट के माध्यम से)।
2. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/केंद्रों के उप-निदेशक (रा.भा.)/सहायक निदेशक (रा.भा.)/हिंदी अधिकारी/तकनीकी अधिकारी/हिंदी अनुभाग के प्रभारी को सूचनार्थ प्रेषित (वैबसाइट के माध्यम से)।
3. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद मुख्यालय के सभी अधिकारी/अनुभाग जिसमें कृषि अनुसंधान भवन-I/II भी शामिल है (वैबसाइट के माध्यम से)।
4. परियोजना निदेशक (डीकेएमए), भाकृअप, कृषि अनुसंधान भवन-I, पूसा, नई दिल्ली-12 को भाकृअप की वैबसाइट में अपलोड करने हेतु।